**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding drinking water problem in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): दौसा संसदीय क्षेत्र में पेयजल समस्या की गंभीरता और भी गहरा चुकी है । जल जीवन मिशन के माध्यम से स्वीकृत पंचायतों में राजस्थान सरकार केवल वोट बैंक के हिसाब से काम कर रही है । इस योजना में केन्द्र सरकार का 45 प्रतिशत बजट देने के पश्चात भी उसकी जानकारी सांसदों को नहीं दी जा रही है । मेरे क्षेत्र दौसा जिले के सभी गाँवों को ईसरदा बांध परियोजना से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु स्वीकृत है । बांध का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन गाँवों को जोड़ने हेतु अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है । राजस्थान सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है । मेरा संसदीय क्षेत्र डार्क जोन में आने के बावजूद भी अति महत्वपूर्ण परियोजना धीमी गति से चल रही है । केन्द्र सरकार द्वारा जारी वित्तीय राशि का क्या उपयोग हो रहा है ? देश में 2023 तक नल से जल पहुंचाने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर किए जा रहे पेयजल कार्यों के प्रति चिंता से मैं यह वक्तव्य लिख कर दे रही हूँ । अतः ध्यान दिया जाए ।